है। इसी दौरान उसके पंखों में डोर फंस जाती है। सवाद

कैबिनेट मंत्री मीत हेयर ने वेबसाइट लांच की

पटियाला। पंजाब के उच्च शिक्षा एवं भाषा मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने कहा कि प्रदेश के उद्योगों को पेश समस्याओं के हल के लिए शिक्षण संस्थाएं अहम भूमिका निभा सकती हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए पंजाब पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (पीपीसीबी) और थापर इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की सांझेदारी से टेक्नोलॉजी की मदद से उद्योग की समस्याओं का हल शीर्षक से प्रोग्राम की शुरुआत की गई है। वह मंगलवार को थापर इंस्टीट्यूट में आयोजित इंडस्ट्री-इंस्टीट्यूट इंटरफेस प्रोग्राम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए इंडस्ट्री के नुमाइंदों के रूबरू होते मीत हेयर ने कहा कि प्रदेश के उद्योगों को पेश विभिन्न वातावरण और तकनीकी रुकावटों पर चर्चा करने और इनके हल के लिए उद्यमियों व खोज भाईचारे को इन दोनों संस्थाओं (पीपीसीबी व थापर इंस्टीट्यूट) की ओर से एक सांझा मंच प्रदान किया गया है। ब्यूरो